चुनाव परिणाम

क्या आप चुनाव परिणामों के आने पर इन्हें तुरंत देखना चाहते हैं?
पूरे राज्य में हो रहे चुनावों के दौरान vote.sos.ca.gov पर या Twitter पर @CASOSvote को फॉलो करते हुए नवीनतम मतदान परिणाम प्राप्त करें।

10 भाषाओं में मतदाता सूचना

www.sos.ca.gov/elections/voting-california पर जाएं या नीचे दिए गए टोलफ्री मतदाता हॉटलाइन नंबरों में से किसी एक पर कॉल करें।

मतदाता हॉटलाइनें	
English	(800) 345-VOTE (8683)
Español / Spanish	(800) 232-VOTA (8682)
中文 / Chinese	(800) 339-2857
हिंदी / Hindi	(888) 345-2692
日本語 / Japanese	(800) 339-2865
ខ្មែរ / Khmer	(888) 345-4917
한국어/Korean	(866) 575-1558
Tagalog	(800) 339-2957
ไทย / Thai	(855) 345-3933
Việt ngữ / Vietnamese	(800) 339-8163
TTY / TDD	(800) 833-8683

Hindi



7 जून
राष्ट्रपति का प्राथमिक चुनाव

8 नवंबर
आम चुनाव

चुनाव वाले दिन मतदान **सुबह 7 बजे से रात 8 बजे** तक खुला रहेगा

मतदान कैलिफोर्निया
www.sos.ca.gov

California Secretary of State Alex Padilla
(888) 345-2692

मतदान करने के लिए पंजीकरण कराएं

कैलिफोर्निया में मतदान करने के लिए पंजीकरण करवाने के लिए ज़रूरी है कि:

- **आप संयुक्त राज्य के नागरिक हों;**
- **आप केलीफोर्निया के नागरिक हों;**
- **चुनाव के दिन आपकी उम्र 18 वर्ष या अधिक हो;**
- **आप किसी गंभीर अपराध का दोष सिद्ध होने पर वर्तमान में जेल में या पैरोल पर न हों; और**
- **आपको किसी अदालत द्वारा मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो।**

आप RegisterToVote.ca.gov पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या आपको डाकघरों, लाइब्रेरियों और कुछ सरकारी कार्यालयों में आवेदनपत्र मिल सकता है। ज़्यादातर मामलों में, आपको किसी चुनाव में मतदान करने का पात्र बनने के लिए उसके चुनाव के दिन से कम से कम 15 दिन पहले पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए।

अगर आप एक स्थान से दूसरे स्थान पर चले जाते हैं, या अपना नाम या राजनीतिक दल की पसंद बदल देते हैं, तो आपको मतदान करने के लिए फिर से पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए।

मतपत्र संबंधी सूचना

पंजीकृत मतदाताओं को चुनाव के दिन से कुछ सप्ताह पहले सेक्रेटरी ऑफ स्टेट से आधिकारिक मतदाता सूचना गाइड (Official Voter Information Guide) डाक से प्राप्त होती है। काउंटी चुनाव कार्यालय मतदाताओं को नमूना मतपत्र पुस्तिकाएं डाक से भेजते हैं। इन किसी भी दल से संबंध न रखने वाली गाइडों में मतपत्रों के उपायों, उम्मीदवारों, मतदान करने के अधिकारों और अन्य बातों के बारे में जानकारी शामिल होती है।

डाक द्वारा मतदान करें

कैलिफोर्निया में कोई भी पंजीकृत मतदाता डाक द्वारा मतदान कर सकता है। अपनी नमूना मतपत्र पुस्तिका में "डाक द्वारा मतदान करें" मतपत्र आवेदन भरें, इस sos.ca.gov से लें या अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय से संपर्क करें। आपका भरा हुआ आवेदनपत्र चुनाव के दिन से कम से कम सात दिन पहले आपकी काउंटी के चुनाव कार्यालय में अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका मतपत्र तय समय-सीमा तक पहुँच जाए, आपके मतदान किए गए मतपत्र पर चुनाव के दिन या उससे पहले डाक की मुहर ज़रूर लग जानी चाहिए और यह आपके काउंटी चुनाव कार्यालय को चुनाव के दिन के बाद तीन दिनों के अंदर प्राप्त हो जाना चाहिए।

अनंतिम (प्रोविजनल) मतदान

भले ही आपका नाम मतदान स्थान में मतदाता सूची में न हो, फिर भी आपके पास उस काउंटी में अनंतिम मतपत्र के साथ मतदान करने का अधिकार है जिसमें आप मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं। आपके अनंतिम मतपत्र को चुनाव अधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि करने के बाद ही गिना जाएगा कि आप पंजीकृत मतदाता हैं और आपने उस चुनाव में कहीं अन्य मतदान नहीं किया है। चुनाव कर्मचारी आपको जानकारी दे सकता है कि यह कैसे पता करना है कि क्या आपके अनंतिम मतदान को गिना गया था, और यदि इसे नहीं गिना गया था तो उसका क्या कारण था।

अपना मतदान स्थान जानें

आपके मतदान स्थान की स्थिति चुनावों के बीच बदल सकती है। अपने मतदान स्थान की स्थिति के लिए अपनी काउंटी की नमूना मतपत्र पुस्तिका के पीछे देखें। आप अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय या (888) 345-2692 पर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के कार्यालय की मतदाता हॉटलाइन पर कॉल करके भी अपना मतदान स्थल जान सकते हैं या sos.ca.gov पर जाएं।

7 जून | राष्ट्रपति का प्राथमिक चुनाव

मतदान के लिए पंजीकरण इस तारीख तक कराएं	23 मई
डाक द्वारा मतदान करने के मतपत्र का अनुरोध इस तारीख तक करें	31 मई
डाक द्वारा मतदान मतपत्र वापिस करें (इस तारीख तक डाक की मुहर लग जानी चाहिए)	7 जून

8 नवंबर | आम चुनाव

मतदान के लिए पंजीकरण इस तारीख तक कराएं	24 अक्तूबर
डाक द्वारा मतदान करने के मतपत्र का अनुरोध इस तारीख तक करें	1 नवंबर
डाक द्वारा मतदान मतपत्र वापिस करें (इस तारीख तक डाक की मुहर लग जानी चाहिए)	8 नवंबर

अपना मतदान स्थल जानने के लिए

★ ★ ★ ★ ★

VOTE लिख कर

GOVOTE

पर संदेश भेजें

RegisterToVote.ca.gov